राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (IRGY-Urban) झालावाड

क्रमांकः योजना/2022/ 1734 दिनांक 09/06/22

## —:: विज्ञप्ति ::—

कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.17(4)कार्मिक/क—2/2014 दिनांक 11.01.2022 में किये गए प्रावधानों के अन्तर्गत इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-Urban) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन हेतु निम्न पदों की सेवाऐं संविदा पर लिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक आवेदक व्यक्तिशः अथवा ई—मेल **irgyurbannpjhalawar@gmail.com** पर एवं कार्यालय आयुक्त एवं सदस्य सचिव जिला स्तरीय समिति IRGY-Urban नगरपरिषद झालावाड में व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा दिनांक 20.06.2022 तक आवेदन कर सकते है, पदों एवं देय मानदेय का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. सं. | पद का नाम | वांछित शैक्षणिक योग्यता | पदों की संख्या | मानदेय प्रति माह (रूपये ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ तकनिकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री | 1. नगरपरिषद झालावाड—01 पद<br>2. न.पा. झालरापाटन (III)—01 पद<br>3. न.पा. भवानीमण्डी (III)—01 पद<br>4. न.पा. अकलेरा (IV)—01 पद<br>5. न.पा. पिडावा (IV)—01 पद | 40,000/— (संविदा पर) |
| 2 | कनिष्ठ तकनिकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा | 1. नगरपरिषद झालावाड—03 पद<br>2. न.पा. झालरापाटन (III)—02 पद<br>3. न.पा. भवानीमण्डी (III)—02 पद<br>4. न.पा. अकलेरा (IV)—02 पद<br>5. न.पा. पिडावा (IV)—02 पद | 30,000/— (संविदा पर) |
| 3 | लेखा सहायक | बी.कॉम/सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.)/ICWA(इन्टर)/कम्पनी सेकेटरी (इन्टर) | 1. नगरपरिषद झालावाड—02 पद<br>2. न.पा. झालरापाटन (III)—02 पद<br>3. न.पा. भवानीमण्डी (III)—02 पद<br>4. न.पा. अकलेरा (IV)—02 पद<br>5. न.पा. पिडावा (IV)—02 पद | 25,000/— (संविदा पर) |
| 4 | MIS मेनेजर | बी.सी.ए. | 1. नगरपरिषद झालावाड—02 पद<br>2. न.पा. झालरापाटन (III)—01 पद<br>3. न.पा. भवानीमण्डी (III)—01 पद<br>4. न.पा. अकलेरा (IV)—01 पद<br>5. न.पा. पिडावा (IV)—01 पद | 25,000/— (संविदा पर) |
| 5 | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक+RSCIT कोर्स | 1. नगरपरिषद झालावाड—04 पद<br>2. न.पा. झालरापाटन (III)—02 पद<br>3. न.पा. भवानीमण्डी (III)—02 पद<br>4. न.पा. अकलेरा (IV)—02 पद<br>5. न.पा. पिडावा (IV)—02 पद | 15,000/— (संविदा पर) |

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 10.06.2022 से दिनांक 20.06.2022 सायं 6.00 बजे तक। |

1. संविदा भर्ती पूर्णतयाः मेरिट पर आधारित होगी। इसके लिए साक्षात्कार का कोई प्रावधान नही होगा।
2. संविदा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट तैयार की जावेगी।
3. संविदा कनिष्ठ सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्री धारियों से तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमा धारियों से भरे जावेगें।
4. संविदा नियुक्ति प्रथमतः 31.03.2023 तक प्रभावी रहेगी।
5. एक अभ्यर्थी द्वारा केवल एक ही निकाय में संविदा अनुबन्ध किया जावेगा अन्यथा सभी संविदा अनुबन्ध स्वतः ही निरस्त समझे जावेगें।
6. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु चयन स्नातक+ RSCIT के प्राप्ताकों के आधार पर की जावेगी लेकिन मेरिट लिस्ट का निर्धारित केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांक के आधार पर किया जावेगा। RSCIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नही रखा जावेगा।
7. संविदा भर्ती वरियता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदों के लिए कुल पदों का क्रमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतिक्षा सूचि तैयार की जावेगी।

8. उपरोक्त संविदा भर्ती के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नही होगा।
9. कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 11.01.2022 के कम में संविदा भर्ती के पदों का आरक्षण/रोस्टर एकीकृत रूप से जिला स्तर (जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक ) रखा जाना हैं ना की प्रत्येक नगरीय निकाय के स्तर पर अर्थात् संविदा भर्ती की यूनिट जिला (डीपीसी) होगा ना की नगरीय निकाय।
10. संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्ती जिले की समस्त स्थानीय निकायों के संविदा पदों की पदवार गणना कर जिला स्तर पर ही की जावेगी जिसमें संविदा भर्ती नियम 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानों की पालना की जावेगी। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त इनका आवंटन स्थानीय निकायों को लॉटरी के माध्यम से किया जावेगा ताकि किसी भी प्रकार के विवेकाधिकार का स्थान नही हो।
11. संविदा भर्ती किये जाने के उपरान्त नगरीय निकायों का आवंटन कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा पदवार वर्गानुसार लॉटरी से किया जावेगा।
12. उक्त संविदा कार्मिकों की भर्ती Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules,2022के अन्तर्गत विहित निर्धारित प्रकिया अपनाकर संविदा पदों को भरने की कार्यवाही की जावेगी।
13. संविदा भर्ती पदों के लिए आवेदन पत्र विभागीय वेब साईट https://urban.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर निर्धारित तिथी तक जमा करवाये जा सकते है। निर्धारित तिथी के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आवेदन पत्र राजपत्रित अवकाश के दिन भी प्राप्त व जमा किये जा सकते हैं।
14. आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक/निर्धारित योग्यता संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
15. आवेदन पत्र में सभी सूचनाऐं स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिए अपूर्ण आवेदन पत्रों एवं आवेदन पत्र में कोई काट–छाट होने की स्थिति में ऐसे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
16. उपरोक्तानुसार संविदा पदों की भर्ती में किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति में अंतिम निर्णय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक की अध्यक्षता में गठीत जिला स्तरीय समिति का होगा।

(डॉ. भारती दीक्षित)
जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक
IRGY-Urban झालावाड

कमांक : न.परि.झा./2022/1735–38 दिनांक 09/06/2022

प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक दैनिक भास्कर कोटा को भिजवाकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन राज्य स्तरीय संस्करण में न्यूनतम साईज पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजस्थान सरकार द्वारा निर्धारित/अनुमोदित नयूनतम दरों पर प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।
2. नोटिस बोर्ड जिला कलक्ट्रेट कार्यालय झालावाड व नगरपरिषद झालावाड एवं नगरपालिका अकलेरा, पिडावा, भवानीमण्डी एवं झालरापाटन पर चस्पार्थ।
3. प्रभारी स्थापना शाखा नगरपरिषद झालावाड को आदेशित किया जाता है कि कार्यालय वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in पर कार्मिक (क–ग्रुप–2) विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना सं.एफ.17(4)कार्मिक/क–2/2014 जयपुर दिनांक 11.01.2022 व इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना गाईडलाईन/विभागीय परिपत्र/पत्र/आवेदन पत्र आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. रक्षित प्रति।

(अशोक कुमार शर्मा)
आयुक्त एवं सदस्य सचिव
जिला स्तरीय समिति IRGY-Urban
नगरपरिषद झालावाड